संगीत नाटक अकादेमी
वार्षिक रिपोर्ट 1994-95

विषय सूची

परिशिष्ट

प्रबन्धात्मक गठन

संगीत नाटक अकादेमी — संगीत, नृत्य और नाटक की राष्ट्रीय अकादेमी — की स्थापना वर्ष 1953 में भारत की प्रदर्शनकारी कलाओं को प्रोत्साहन प्रदान करने के लिए की गई थी। इस कार्य के लिए अकादेमी राज्यों की प्रतिस्थानी संगीत नाटक अकादेमियों और देश भर में फैले स्वैच्छिक संगठनों को सहयोग प्रदान करती है। देश के विभिन्न भागों में प्रख्यात अनुभवी कलाकारों के साथ-साथ युवा पीढ़ी के प्रतिभावान कलाकारों के नि:शुल्क प्रदर्शनों की व्यवस्था करके, छात्रवृत्तियों द्वारा पोषित प्रशिक्षण कार्यक्रमों को चलाकर तथा प्रलेखन और प्रसार के द्वारा अकादेमी संगीत, नृत्य और नाटक के प्रति सामान्यजनों की अभिरुचि को बढ़ावा देती है और भारतीय प्रदर्शनकारी कलाओं की सर्वत्र श्रीवृद्धि के लिए विचारों और तकनीकों का तात्कालिक आदान-प्रदान करती है। अकादेमी के उद्देश्यों का और अधिक विस्तृत उल्लेख अकादेमी के संगम ज्ञापन (उद्धरण : परिशिष्ट-1) में किया गया है। अकादेमी सोसाइटी रजिस्ट्रीकरण अधिनियम, 1860 के अंतर्गत पंजीकृत है और एक स्वायत्त संगठन के रूप में कार्य करती है। इसका वित्त-पोषण भारत सरकार के संस्कृति विभाग द्वारा किया जाता है।

अकादेमी का प्रबंध इसकी महा परिषद करती है। अकादेमी के कार्य-कलापों का अधीक्षण, निर्देशन और नियंत्रण इसका कार्यकारिणी मंडल करता है जिसकी सहायता के लिए वित्त, अनुदान, प्रकाशन और अन्य समितियाँ बनी हुई हैं (परिशिष्ट-2)।

अकादेमी का अध्यक्ष भारत के राष्ट्रपति द्वारा नियुक्त किया जाता है जिसका कार्यकाल पाँच वर्ष का होता है। उपाध्यक्ष का चुनाव महा परिषद् द्वारा अपने ही सदस्यों में से पाँच वर्ष के कार्यकाल के लिए किया जाता है। 1994-95 के दौरान जमशेद ज० भाभा अकादेमी के अध्यक्ष थे और प्रेम लता शर्मा उपाध्यक्ष।

अकादेमी का प्रधान कार्यकारी अधिकारी इसका सचिव होता है और उसकी सहायता के लिए वित्त तथा लेखा अधिकारी और ग्यारह सहायक सचिव हैं जिनमें कथक केंद्र तथा जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी के निदेशकों सहित विशेष अधिकारी (प्रलेखन), तकनीकी अधिकारी (फिल्मिंग) और अकादेमी का पुस्तकालय अध्यक्ष शामिल हैं। अकादेमी का पंजीकृत कार्यालय रवींद्र भवन, नई दिल्ली में स्थित है।

कथक केन्द्र, दिल्ली और जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी, इम्फाल अकादेमी द्वारा संचालित प्रशिक्षण संस्थाएँ हैं। इन दोनों संस्थाओं का प्रबंधन अकादेमी के कार्यकारिणी मंडल के हाथ में है और इस कार्य में उसकी सहायता के लिए इन घटक इकाइयों की सलाहकार समितियाँ बनी हुई हैं। इन संस्थाओं के क्रियाकलापों का ब्यौरा इस वार्षिक रिपोर्ट में दिया गया है।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान कार्यकारिणी मंडल, महा परिषद् और कार्यकारिणी मंडल द्वारा गठित विभिन्न समितियों (वित्त, अनुदान और प्रकाशन समिति) की बैठकें आयोजित की गईं। नाटक, संगीत, नृत्य और प्रलेखन तथा अभिलेखागार से संबंधित सलाहकार समितियों की बैठकें भी आयोजित की गई थीं। वर्ष 1994-95 के दौरान आयोजित बैठकों का विवरण परिशिष्ट-3 में दिया गया है।

पूर्णतया गठित महा परिषद् की पहली बैठक 21 अप्रैल, 1994 को हुई। महा परिषद् की 31 मई, 1994 को हुई अगली बैठक में प्रदर्शनकारी कलाओं के क्षेत्र के 27 प्रख्यात व्यक्तियों को वर्ष 1993 के

लिए अकादेमी की रत्नसदस्यता और पुरस्कारों के लिए चुना गया। इन पुरस्कारों के लिए मानप्रदान समारोह 6 दिसम्बर, 1994 को राष्ट्रपति भवन में आयोजित किया गया।

पिछले वर्षों की ही भाँति, संगीत, नृत्य और नाटक की प्रस्तुतियों को विचार-विमर्श और व्याख्यान निदर्शन के ज़रिए नए आयाम देने का कार्य जारी रहा। कुछ उत्सवों का आयोजन विशेष रूप से परिकल्पित किया गया था और उन्हें अकादेमी के अभिलेखागार के लिए रिकार्ड किया गया। कार्यक्रमों, साक्षात्कारों, कार्यशालाओं और प्रख्यात गुरुओं, आचार्यों और युवा कलाकारों के प्रदर्शनों की व्यापक रिकार्डिंग उनके पुरालेखी महत्त्व को ध्यान में रखकर की गई। महत्त्वपूर्ण कार्यक्रमों की रिकार्डिंग के लिए व्यक्तियों तथा संगठनों को समर्थन प्रदान किया गया। अकादेमी द्वारा आयोजित कार्यशालाओं/उत्सवों की सूची परिशिष्ट-4 में दी गई है।

अकादेमी पुरस्कार और रत्नसदस्यता 1993

संगीत नाटक अकादेमी की महा परिषद् की बैठक दिल्ली में 31 मई, 1994 को हुई जिसमें वर्ष 1993 के लिए अकादेमी की वार्षिक रत्नसदस्यता और पुरस्कारों के लिए 27 कलाकारों को चुना गया। ये सम्मान जिनमें 25,000/- रुपये, एक अंगवस्त्र और एक ताम्रपत्र सन्निहित हैं, भारत के राष्ट्रपति, डॉ. शंकर दयाल शर्मा के द्वारा 6 दिसम्बर 1994 को राष्ट्रपति भवन, नई दिल्ली में आयोजित सम्मान समारोह में प्रदान किए गए।

सम्मानित कलाकारों में से दो ने नृत्य और नाटक के क्षेत्र में अपने योगदान के लिए अकादेमी की रत्नसदस्यता प्राप्त की। 25 पुरस्कारों में से नौ संगीत के लिए, छह नृत्य के लिए और नौ नाटक के क्षेत्र में थे। एक पुरस्कार संयुक्त पुरस्कार था।

वर्ष 1993 के रत्नसदस्यों और पुरस्कार विजेताओं की सूची नीचे दी जा रही है:

रत्नसदस्यता

मृणालिनी विक्रम साराभाई

गिरीश कारनाड

पुरस्कार

संगीत

बालासाहेब पूछवाले : हिन्दुस्तानी गायन

रहीम फ़हीमुद्दीन डागर : हिन्दुस्तानी गायन

बुद्धदेव दाशगुप्त : हिन्दुस्तानी वाद्यसंगीत (सरोद)

भजन सोपोरी : हिन्दुस्तानी वाद्यसंगीत (संतूर)

गोपाल दास पन्से : हिन्दुस्तानी वाद्यसंगीत (पखावज)

तिरुची स्वामीनाथन अय्यर : कर्नाटक गायन

कल्पकम स्वामीनाथन : कर्नाटक वाद्यसंगीत (वीणा)

कुन्नाकुड़ी वैद्यनाथन : कर्नाटक वाद्यसंगीत (वायलिन)

नृत्य

कुबेरनाथ अप्पा साहेब तन्जोरकर : भरतनाट्यम

सी.वी चन्द्रशेखर : भरतनाट्यम

कलामंडलम पद्मनाभन नायर : कथकलि

हाउबम ओङ्गबी नाङ्गबी देवी : मणिपुरी

ज्योस्युल सीता रामय्या : कूचिपूड़ि

मंजुश्री चाकी-सरकार : सर्जनात्मक नृत्य

नाटक

योगेश दत्त : मूकाभिनय

कैलाश पंड्या : निर्देशन

बैरी जॉन : निर्देशन

गुरशरण सिंह : नाट्यलेखन

एम.एस. सत्यु : मंच शिल्प

पारंपरिक/लोक/जनजातीय-संगीत/नृत्य/नाटक

जनार्दनन नेदुंगड़ी : सोपानम् संगीत (केरल)

सिद्धेश्वर सेन : माच (मध्य प्रदेश)

पुरिसई एन. सुब्रमण्य तम्बिरन : तेरुकूत्तु (तमिलनाडु)

श्रीराम शर्मा एवं फ़तेह कृष्ण शर्मा (संयुक्त पुरस्कार) : रासलीला (उत्तर प्रदेश)

केरेमने शंभु हेगड़े : यक्षगाम (कर्नाटक)

6 दिसम्बर को आयोजित सम्मान समारोह के पश्चात्, अकादेमी ने चार दिवसीय संगीत और नृत्य का उत्सव 7 से 10 दिसम्बर, 1994 तक आयोजित किया जिसमें कुछेक पुरस्कार-विजेताओं ने भाग लिया। मावलंकर ऑडिटोरियम, दिल्ली में आयोजित उत्सव का कार्यक्रम इस प्रकार था :

7 दिसम्बर

भरतनाट्यम : सी.वी. चंद्रशेखर एवं शिष्य

नृत्य रचना : मंजुश्री चाकी-सरकार तथा दल

8 दिसम्बर

हिन्दुस्तानी गायन : बालासाहेब पूछवाले
सरोद : बुद्धदेव दाशगुप्त

9 दिसम्बर

वीणा : कल्पकम स्वामीनाथन
वायलिन : कुन्नाकुड़ी वैद्यनाथन

10 दिसम्बर

संतूर : भजन सोपोरी
हिन्दुस्तानी गायन : रहीम फ़हीमुद्दीन डागर साथ में गोपालदास पन्से (पखावज)

अकादेमी सम्मान समारोह

मृणालिनी विक्रम साराभाई

गिरीश कारनाड

बालासाहेब पूछवाले

रहीम फहीमुद्दीन डागर

बुद्धदेव दाशगुप्त

भजन सोपोरी

गोपालदास पन्से

तिरुची स्वामीनाथन अय्यर

कल्पकम स्वामीनाथन

कुन्नाकुड़ी वैद्यनाथन

कुबेरनाथ अप्पासाहेब तन्जोरकर

सी.वी. चन्द्रशेखर

कलामण्डलम पद्मनाभन नायर

हाउबम औङ्गबी नाङ्गबी देवी

ज्योस्युल सीतारामय्या

मंजुश्री चाकी-सरकार

योगेश दत्त

कैलाश पंड्या

बैरी जॉन

गुरशरण सिंह

एम.एस. सत्यु

जर्नादनन नेदुंगड़ी

सिद्धेश्वर सेन

पुरिसई एन. सुब्रमण्य तम्बिरन

श्री राम शर्मा

फ़तेहकृष्ण शर्मा

केरेमने शम्भु हेगड़े

गिरीश कारनाड महामहिम राष्ट्रपति शंकर दयाल शर्मा से अपना रत्नसदस्यता प्रशस्तिपत्र प्राप्त करते हुए

मृणालिनी विक्रम साराभाई अपना रत्नसदस्यता प्रशस्तिपत्र प्राप्त करती हुईं

सी.वी. चन्द्रशेखर

रहीम फ़हीमुद्दीन डागर

कल्पकम स्वामीनाथन

कार्यशालाएँ एवं समारोह

पुतली कार्यशाला एवं समारोह : कर्नाटक

दक्षिण भारत की धागा पुतली कला पर केंद्रित एक पुतली कार्यशाला और समारोह का आयोजन 24 से 29 अक्तूबर, 1994 तक उडुपी में किया गया। यह आयोजन अकादेमी ने लोक पारम्परिक कलाओं का क्षेत्रीय संसाधन केंद्र, उडुपी और कर्नाटक जनपद तथा यक्षगान अकादेमी, बंगलौर के सहयोग से किया था। यह आयोजन भारत के धागा पुतली रंगमंच के अध्ययन के प्रयोजन के लिए तैयार किये गये बृहद् कार्यक्रम के एक भाग के रूप में था। इससे पहले पश्चिमी और पूर्वी भारत की धागा पुतली परंपराओं पर केंद्रित कार्यशालाएँ और समारोह क्रमश: उदयपुर और गुवाहाटी में आयोजित किए गए थे।

कार्यशाला और समारोह का उद्देश्य यह था कि एक क्षेत्र के पुतली कलाकारों को देश के अन्य भागों के पुतली कलाकारों के साथ अपनी विशेषज्ञता को आपस में बाँटने और एक-दूसरे से विचार-विमर्श करने का अवसर प्रदान किया जाए। इस प्रकार इस आयोजन से यह संभव हुआ कि अन्य भागों से आए पुतली कलाकार इस क्षेत्र में प्रयुक्त संचालन-कौशल सहित विभिन्न तकनीकों की जानकारी प्राप्त कर सके। अन्य भागों से आए पुतली कलाकारों के दलों ने उडुपी में प्रदर्शन किए और इसके साथ ही अम्बलपाडी, कुंडापुर, कोडावूर, परडूर, कुंजाल, हिरियड्का और कर्कला में अतिरिक्त प्रदर्शन किए।

समारोह का कार्यक्रम इस प्रकार था :

24 अक्तूबर

उडुपी : बंसी राम; (राजस्थान) एवं यू. कोगा कामथ; (कर्नाटक)

25 अक्तूबर

उडुपी : गणपत म्हेसगे ; (महाराष्ट्र) एवं पुत्तसमाचार, (कर्नाटक) अम्बलपाडी और कोडावूर : बंसीराम ; (राजस्थान) और यू. कोगा कामथ, (कर्नाटक) ; परडूर और हिरियड्का : टी.एन. सांगेरनाथन, (तमिलनाडु) एवं देवेन्गौडा, (कर्नाटक) ; कर्कला : कमल कुंडु, (पश्चिम बंगाल) थमनाचार (कर्नाटक) ; कुंडापुर : थम्माप्पाचारी (कर्नाटक) : देवेंद्रप्पा, (कर्नाटक)।

26 अक्तूबर

उडुपी : कमल कुंडु, (पश्चिम बंगाल) एवं जीवन गौडा, (कर्नाटक), अम्बलपाडी और कोडावूर : गणपत म्हेसगे, (महाराष्ट्र), देवेंद्रप्पा, (कर्नाटक) कुंजल : कमल कुंडु, (पश्चिम बंगाल), परडूर और हिरियड्का : नटनकैरली (केरल) एवं थमनाचार, (कर्नाटक) : कर्कला : टी.एन. सांगेरनाथन, (तमिलनाडु) थिम्मनाचारी, (कर्नाटक); कुंडापुर : बनी कांत बर्मन, (असम) एवं पुत्तसमाचार, (कर्नाटक)।

27 अक्तूबर

उडुपी : बनी कांत बर्मन, (असम) एवं थमनाचार, (कर्नाटक), अम्बलपाडी और कोडावूर : कमल कुंडु, (पश्चिम बंगाल) एवं पुत्तसमाचार, (कर्नाटक), परडूर और हिरियड्का : गणपत म्हेसगे (महाराष्ट्र) एवं थिम्मापाचारी, (कर्नाटक), कर्कला: नटनकैरली, (केरल), देवेंद्रप्पा, (कर्नाटक) कुंडापुर : बंसीराम, (राजस्थान) ; जीवनगौडा, (कर्नाटक)।

28 अक्तूबर

उडुपी : टी.एन. सांगेरनाथन, (तमिलनाडु) एवं थिम्माप्पाचारी (कर्नाटक); अम्बलपाडी और कोडावूर : बनी कांत बर्मन (असम) एवं जीवन गौडा (कर्नाटक) ; परडूर और हिरियड्का : कमल कुंडु (पश्चिम बंगाल) एवं देवेंद्रप्पा (कर्नाटक) ; कर्कला : कोगा कामथ (कर्नाटक) एवं पुत्तसमाचार (कर्नाटक) कुंडापुर : नटनकैरली (केरल) एवं थमनाचार (कर्नाटक)

उपर्युक्त कार्यक्रमों के अलावा, पुतली कला से संबंधित आठ दलों और संस्थाओं को एक लाख चार हजार रुपए की अनुदान राशि मुख्य रूप से पुतली नाटकों की प्रस्तुतियों के लिए प्रदान की गई। (परिशिष्ट—5)

नृत्योत्सव : हैदराबाद

आंध्र प्रदेश की शास्त्रीय नृत्य परंपरा की खोज, प्रलेखन एवं समर्थन के

दृष्टिकोण से हैदराबाद में 27 से 31 जनवरी, 1995 तक आंध्र प्रदेश की शास्त्रीय नृत्य परंपराओं का एक समारोह आयोजित किया गया जिसमें आचार्यों ने व्याख्यान-प्रदर्शन भी प्रस्तुत किए। अकादेमी द्वारा शुरू किए गए उत्सवों की श्रृंखला के इस प्रथम समारोह में प्रात: कालीन सत्रों में गुरुओं ने निदर्शन प्रस्तुत किए और सायंकालीन सत्रों में युवा नर्तकों ने एकल प्रदर्शन प्रस्तुत किए। इसमें भाग लेने के लिए कुछेक देवदासियों को भी आमंत्रित किया गया था। यह समारोह संस्कृति विभाग, आंध्र प्रदेश सरकार के सहयोग से आयोजित किया गया।

समारोह का कार्यक्रम निम्न प्रकार था :

प्रदर्शन

27 जनवरी

वेम्पटि रवि शंकर, मद्रास; अनुराधा जोन्नालगड्डा, हैदराबाद; मीनाक्षी शेषाद्री, बंबई; एवं एम.वी.एन. मूर्ति, मद्रास

28 जनवरी

वनजा उदय, हैदराबाद; रश्मि हेगड़े गोपी, बंगलौर, भगवतुला वेंकटराम शर्मा एवं वी. लक्ष्मी इंद्राणी, विजयवाड़ा।

29 जनवरी

आलेख्य पुञ्जला, हैदराबाद; मद्दली उषा गायत्री, हैदराबाद; जय रामाराव एवं वनश्री राव, दिल्ली।

30 जनवरी

स्वाति सोमनाथ, हैदराबाद; वैजयंति काशी, बंगलौर; आई. पद्मा हेमामालिनी, हैदराबाद।

31 जनवरी

पसुमर्ती विट्ठल एवं भारती, दिल्ली; कला कृष्ण, हैदराबाद; कल्पलतिका, मल्लिका रामप्रसाद, मंजु हेमामालिनी, संध्याश्री एवं के.ए. शोभा, मद्रास।

निदर्शन

28 जनवरी

वेम्पटि चिन्ना सत्यम्, मद्रास ; पसुमर्ती कृष्णामूर्ति, मद्रास।

29 जनवरी

पसुमर्ती वेणुगोपाल कृष्ण शर्मा, कूचिपूड़ि; पसुमर्ती सीतारमय्या, विशाखापत्तनम्; ज्योस्युला सीतारमय्या, विजयवाड़ा।

30 जनवरी

सी. रामाचार्यलु, अहमदाबाद; कोराडा नरसिम्हा राव, इलुरु; मद्दुला लक्ष्मीनारायण, माणेपल्ली।

31 जनवरी

नटराज रामकृष्ण, हैदराबाद; सारिदे मणिक्याम्मा, हैदराबाद; अन्नाबतुला सत्यभामा, मुम्मीदिवारम; वेदांतम सत्यनारायण सरमा, कूचिपूड़ि।

संगीतोत्सव : औरंगाबाद

संगीतोत्सव, युवा पीढ़ी के नर्तकों और संगीतकारों को प्रोत्साहित करने के लिए संगीत नाटक अकादेमी द्वारा शुरू किए गए उत्सवों की श्रृंखला की कड़ी में 27 से 31 जनवरी, 1995 तक आयोजित किया गया। इसका आयोजन महाराष्ट्र पर्यटन विकास निगम के सहयोग से किया गया। इस उत्सव में देश के सभी भागों के शास्त्रीय संगीतकारों ने भाग लिया जिनमें से अधिकांश युवा पीढ़ी के थे और कुछेक वे थे जिन्होंने पिछले दशक में अपने आपको व्यावसायिक रूप से प्रतिष्ठित कर लिया है।

उत्सव का कार्यक्रम निम्न प्रकार था:

27 जनवरी

पखावज मेलम् : उद्धव शिंडे द्वारा संचालित अप्पेगाँव; शहनाई : राजेंद्र प्रसन्ना, दिल्ली; संतूर : नंदकिशोर मुले; वडोदरा, गायन : पाला सी.के. रामचन्द्रन, कालीकट।

28 जनवरी

गायन : संदीप हरीश देशमुख, औरंगाबाद; वायलिन : टी.एच. ललिता, कालीकट; गायन : सारथी चटर्जी, दिल्ली; वायलिन : वी. बालाजी, वाराणसी।

29 जनवरी

गोट्टुवाद्यम : ए. दुर्गादास, मद्रास

गायन : शुभा मुदगल, दिल्ली

बाँसुरी : माला चन्द्रशेखर, मद्रास

सारंगी : ध्रुव घोष, बंबई

गायन : चारूमति रामचंद्रन, मद्रास

30 जनवरी

सितार : डी.डी. अर्धापूरकर, औरंगाबाद

वीणा : सुमा सुधीन्द्र, बंगलौर

गायन : उदय भावलकर, पुणे

31 जनवरी

नागस्वरम् : कालिशाबी महबूब एवं महबूब शुभानी, तिरूचिरापल्ली

वायलिन एवं सरोद : अनुप्रिया देवताले एवं मुकेश शर्मा, दिल्ली

गायन : एस. जयश्री, मद्रास

नाटककार कार्यशाला : तमिल

जनवरी, 1995 में आयोजित इस एक सप्ताह की कार्यशाला का आयोजन भारतीय भाषाओं में नाटककार कार्यशालाओं की नई योजना के अधीन किया गया। योजना का उद्देश्य नये नाटककारों के साथ-साथ कथा लेखकों और कवियों को भारतीय भाषाओं में नए नाटकों की रचना करने के लिए अवसर प्रदान करना है।

तमिल नाटक कार्यशाला (भाषावार कार्यशालाओं की श्रृंखला की कड़ी में यह प्रथम है) के लिए अकादेमी को प्राप्त 25 रचनाओं में से पाँच नाटकों—प्रथम प्रारूप—को छाँटा गया था। पाँच लेखकों को एक-एक दिन के लिए तंजावूर और पांडिचेरी विश्वविद्यालयों के नाटक विभाग के निर्देशकों और अभिनेताओं के साथ विचारों के आदान-प्रदान के लिए आमंत्रित किया गया। इसमें नाटकों का वाचन किया गया और कुछेक दृश्यों का प्रदर्शन किया गया था जिसके आधार पर लघु कहानी लेखक एस. मलईचामी के नाटक ''मुनि'' और देवी भारती के नाटक ''मूनरावत्तू विला एलुमबुम विझुतुहलारा'' को प्रस्तुति के लिए चुना गया। इन की प्रस्तुतियों के लिए अकादेमी द्वारा सहायता प्रदान की गई।

नाटकों के निर्देशक रामास्वामी और आर. राजू के मार्गदर्शन में चुने गए नाटकों के अंतिम प्रारूप तैयार किए गए।

कूटियाट्टम महोत्सवम् : दिल्ली

कूटियाट्टम और नाङ्गयार कूत्तु का यह छह दिवसीय समारोह अकादेमी की कूटियाट्टम को समर्थन देने की परियोजना के विस्तार के रूप में 24 से 29 मार्च, 1995 तक आयोजित किया गया। इस समारोह में कूटियाट्टम और नाङ्गयार कूत्तु के लगभग सभी प्रख्यात कलाकारों ने भाग लिया जिनमें अकादेमी के पुरस्कार से सम्मानित गुरू अम्मानूर माधव चाक्यार और गुरू कोचुकुट्टन चाक्यार और मिषाव विशेषज्ञ गुरू पी.के. नारायणन् नम्बियार शामिल थे। प्रदर्शनों के साथ, 25 से 27 मार्च तक मेघदूत थिएटर, रवींद्र भवन परिसर में ''कूटियाट्टम के रूप'' पर व्याख्यान-निदर्शन श्रृंखलाओं का भी आयोजन किया गया था।

त्रिचूर के संस्कृत के प्रख्यात विद्वान के.पी. नारायण पिशारडी ने विद्वानों, कलाकारों, विशेषज्ञों और समीक्षकों की प्रतिष्ठित सभा की उपस्थिति में समारोह का उद्घाटन किया।

अकादेमी ने अपने अभिलेखागार के लिए सभी प्रदर्शनों और व्याख्यान-निदर्शनों की रिकार्डिंग तैयार की। इसके अतिरिक्त इस समारोह के दौरान, साक्षात्कारों, निदर्शनों और प्रदर्शनों की विशेष रिकार्डिंग भी की गई।

समारोह के अवसर पर अकादेमी ने अपनी त्रैमासिक पत्रिका संगीत नाटक का एक विशेषांक कूटियाट्टम पर निकाला। दर्शकगणों को एक पुस्तिका भी उपलब्ध कराई गई जिसमें समारोह के दौरान प्रस्तुत नाटकों के लेखकों और पाठों का विवरण दिया गया था। मुख्य स्थल (रवींद्र भवन) में कूटियाट्टम, प्रदर्शनों और गुरुओं के छायाचित्रों को विशिष्ट स्थान पर प्रदर्शित किया गया।

समारोह और व्याख्यान-निदर्शन का कार्यक्रम निम्न प्रकार था:

प्रदर्शन

स्थल I : रवीन्द्र भवन प्रांगण, फ़िरोज़शाह रोड

24 मार्च

उद्यान प्रवेशम से *अशोक वनिकांकम,*
आश्चर्यचूड़ामणि शक्तिभद्र का (अंक V) : अम्मानूर माधव चाक्यार, उषा नाङ्गयार, कपिला, निर्मला पणिकर।
अम्मानूर चाचु चाक्यार स्मारक गुरुकुलम् इरिंजलाकुड़ा।

25 मार्च

श्रीकृष्णलीला (नाङ्गयार कूत्तु) : मार्गी सती

कुलशेखर वर्मन के *सुभद्राधनंजय* (अंक I) से *सुभद्राधनंजयम्* : मार्गी मधु, मार्गी सती, एम. कोचुकुट्टन चाक्यार, मार्गी, तिरुवनन्तपुरम।

26 मार्च

पूतना मोक्षम् (नाङ्गयार कूत्तु) : कलामंडलम शैलजा, शक्तिभद्र के *आश्चर्यचूड़ामणि* (अंक II) से *सूर्पणखांकम्* : कलामंडलम् राम चाक्यार, शिवन नम्बूदिरि, शैलजा, गिरिजा, रवीन्द्रन।
केरल कलामंडलम्, चेरुतुरुति।

27 मार्च

बोधायन के *भगवद्ज्जुकीयम* से *उद्यानवर्णनम्* : कलामंडलम गिरिजा, शैलजा
केरल कलामंडलम्, चेरुतुरुति।

शक्तिभद्र के *आश्चर्यचूड़ामणि* (अंक III) से *मायासीतांकम्* : एम. कोचुकुट्टन चाक्यार, मार्गी मधु, मार्गी नारायणन्, मार्गी रमन, पोतियिल नारायणन्, मार्गी उषा।
मार्गी, तिरुवनन्तपुरम।

28 मार्च

कंसवधम् (नाङ्गयार कूत्तु) : उषा नाङ्गयार।
भास के *अभिषेक नाटक* से *बालीवधम्* (प्रथम अंक) अम्मानूर माधव चाक्यार, अम्मानूर परमेश्वरन, जी. वेणु, सूरज नंबियार, उषा नाङ्गयार, कलामंडलम राधाकृष्णन्, रणजीत।
अम्मानूर चाचु चाक्यार स्मारक गुरुकुलम, इरिंजलाकुड़ा।
स्थल II : अय्यप्पा मंदिर, सेक्टर-2, रामकृष्णपुरम्

29 मार्च

भास के *अभिषेक नाटक* से *तोरणयुद्धम्* (अंक III): कलामंडलम राम चाक्यार, शिवन नंबूदिरि, नारायण चाक्यार, कृष्ण कुमार, कनक कुमार
केरल कलामंडलम्, चेरुतुरुति।
स्थल III : गुरुवयूरप्पन मंदिर, मयूर विहार, फ़ेज़ I

29 मार्च

शक्तिभद्र के *आश्चर्यचूड़ामणि* (अंक IV) से *जटायुवधंकम् :* केरल कलामंडलम, अम्मानूर चाचु-चाक्यार स्मारक गुरुकुलम और मार्गी के कलाकारों द्वारा संयुक्त रूप से प्रस्तुत किया गया।
मिषाव इदक्कतिमिल और कुरुमकुझल पर संगत करने वाले :

पी.के. नारायणन नम्बियार, सी.के. कृष्णन नम्बियार, ओ.एन. गोपीनाथन नम्बियार, कलामंडलम उन्नीकृष्णन् नम्बियार, पी.वी. ईश्वरनउन्नी, एन. सुब्रह्मणियन पोत्ती, एम. नारायणन नंबूदिरि, कलामंडलम मोहनन, वी.के. हरिहरन, कलानिलायम उन्नीकृष्णन, मार्गी वेणुगोपालन, के.पी. नारायणन नम्बियार, ए.एन. हरिहरन, कलामंडलम अच्यूतानंदन, पी.पी. राजीव, कलामंडलम रमन उन्नी, सुधीन शंकर।

चुट्टी (शृंगार)

कलानिलायम परमेश्वरन, पी.एम. राम मोहन, आर.एल.वी. सोमदास, रवीन्द्रन, कलानिलायम साजी।

पेट्टि (सज्जागृह सहायक)

एम. कुंजन, ए.एस. रंगन, वी.के. श्रीधरन, वी. शिवकुमार।

व्याख्यान-निदर्शन : कूटियाट्टम के रूप

25 मार्च

''कूटियाट्टम और नाङ्गयार कूत्तु : प्रशिक्षण, तकनीक और परंपरा'' पर गुरु अम्मानुर माधव चाक्यार और जी. वेणु द्वारा व्याख्यान।

अम्मानूर चाचु चाक्यार स्मारक गुरुकुलम, इरिंजलाकुड़ा के कलाकारों द्वारा निदर्शन।

अध्यक्षता : कपिला वात्स्यायन

26 मार्च

''कूटियाट्टम : संगीत के रूप पर गुरु पी.के. नारायणन नम्बियार और श्री एल.एस. राजागोपालन द्वारा व्याख्यान।

अम्मानूर गुरुकुलम, इरिंजलाकुड़ा और केरल कलामंडलम, चेरूतुरूति के कलाकारों द्वारा निदर्शन।

गुरु पी.के. नारायणन नम्बियार और शिष्यों द्वारा मिषाव तेयम्बका

अध्यक्षता : प्रेम लता शर्मा

27 मार्च

''कूटियाट्टम : पाठ और प्रदर्शन'' पर प्रो. के. अय्यप्पा पाणिकर द्वारा व्याख्यान

मार्गी तिरुवनन्तपुरम के कलाकारों द्वारा प्रदर्शन

अध्यक्षता : के.पी. नारायण पिशारडी

28 मार्च
(अनुपूरक सत्र)

वीडियो-फ़िल्म : *मास्टर एट वर्क– लाइफ़ एंड वर्क ऑफ मणि माधव चाक्यार*, संगीत नाटक अकादेमी द्वारा निर्मित। ''ट्रेडीशन एंड ट्रांसफार्मेशन विद स्पेशल रेफ़रेंस टू केरल कलामंडलम'' पर डॉ. वी.एस. शर्मा, अध्यक्ष, केरल कलामंडलम और श्री के. वासुदेवन नंबूदिरिपाद के साथ केरल कलामंडलम के कलाकारों द्वारा व्याख्यान-प्रदर्शन।

पुतली कार्यशाला

यू. कोगा कामथ अपनी पुतलियों का संचालन करते हुए

नरकासुर वध: यू. कोगा कामथ द्वारा गोम्बेआट्टा प्रदर्शन

हैदराबाद में आयोजित नृत्योत्सव में सम्मिलित हुए कुछेक कलाकार (बायें से) सारिदे माणिक्याम्मा, अन्नाबतुला सत्यभामा, सी. आर. आचार्यलु, ज्योस्युल सीतारामय्या, नटराज रामकृष्ण, पसुमर्ती वेणु गोपाल कृष्ण शर्मा, पसुमर्ती कृष्णामूर्ति, वेम्पटि चिन्ना सत्यम, वेदान्तम सत्यनारायण शर्मा, कोराडा नरसिम्हाराव, पसुमर्ती सीतारमय्या, मद्दुला लक्ष्मीनारायण

वेदान्तम सत्यनारायण शर्मा

व्याख्यान निदर्शन: वेम्पटि चिन्ना सत्यम

व्याख्यान निदर्शन: नटराज रामकृष्ण

ज्योस्युला कृष्णामूर्ति, ज्योस्युला सीतारामय्या, पसुमर्ति वेणुगोपाल कृष्ण शर्मा

अन्नाबतुला सत्यभामा

सारिदे माणिक्याम्मा

मद्दुला लक्ष्मीनारायण

जे. अनुराधा

संगीतोत्सव औरंगाबाद: महबूब शुभानी और कालिशाबी महबूब

उदय भावलकर

कूटियाट्टम महोत्सवम्

कूटियाट्टम महोत्सवम् में भाग लेने वाले कलाकार

अकादेमी की उपाध्यक्ष प्रेमलता शर्मा कूटियाट्टम महोत्सवम् का उद्घाटन तथा के.पी. नारायण पिशारडी को सम्मानित करती हुईं।

लक्ष्मण (पी.वी. रामचन्द्रन) एवं शूर्पणखा (राम चाक्यार)
शूर्पणखा अंकम : केरल कलामण्डम्

गुरु अम्मानूर चाचु चाक्यार स्मारक गुरुकुलम: बाली वधम् में बाली और सुग्रीव
(अम्मानूर माधव चाक्यार और अम्मानूर परमेश्वरन)

गुरु पी.के. नारायणन् नम्बियार मिषाव वादन करते हुए

सुभद्रा और अर्जुन (मार्गी सती तथा मार्गी मधु) सुभद्रा धनंजयम में : मार्गी

गुरु अम्मानूर माधव चाक्यार:
बाली पात्र की रूप—सज्जा

व्याख्यान निदर्शन

गिरिजा और शैलजा: केरल कलामण्डलम्: भगवद्ज्जुकीयम के उद्यानवर्णनम् में

गुरु एम. कोचुकुट्टन चाक्यार विदूषक के रूप में

युवा रंगकर्मियों को सहायता

अकादेमी द्वारा वर्ष 1983 में शुरू की गई ''युवा रंगकर्मियों को सहायता'' योजना ने वर्ष 1993-94 में दस वर्ष पूरे किए। इन दस वर्षों के दौरान, देश के विभिन्न भागों में 40 संभागीय और 10 अखिल भारतीय नाट्य समारोहों का आयोजन किया गया, जिनमें लगभग 200 युवा निर्देशकों ने भाग लिया और अपनी नई प्रस्तुतियाँ पेश कीं।

योजना के परिणाम का मूल्यांकन करने पर यह पाया गया कि भाग लेने वाले युवा निर्देशकों में से अधिकांश नेशनल स्कूल ऑफ ड्रामा के स्नातक थे। साथ ही कुछ भाग लेने वाले छोटे शहरों के निवासी थे जहाँ उन्हें औपचारिक प्रशिक्षण का कोई अवसर नहीं मिला था। ऐसा महसूस किया गया कि छोटे शहरों के भाग लेने वाले अधिकांश कलाकार प्रतिभावान थे और यदि उन्हें देश और विदेशों में प्रचलित विभिन्न अवधारणाओं, कार्य प्रणालियों और प्रवृत्तियों से अवगत कराया जाए तो वे और अधिक बेहतर कला का प्रदर्शन कर सकते हैं। अत: ''युवा रंगकर्मी निर्देशकों के लिए कार्यशाला'' की योजना तैयार गई थी जिसे पिछले वर्ष महा परिषद् ने अनुमोदित कर दिया था। इसी बीच, संभागीय और राष्ट्रीय नाट्य समारोह की योजना को दो वर्षों के लिए स्थगित रखा गया था।

पिछले वर्षों में अकादेमी द्वारा आयोजित संभागीय और राष्ट्रीय नाट्य समारोहों में भाग लेने वालों में से चुने गये युवा निर्देशकों के लिए पहली कार्यशाला का आयोजन 27 फरवरी से 25 मार्च, 1995 तक किया गया। चार प्रख्यात निर्देशकों, यथा विजया मेहता, हबीब तनवीर, के.एन. पणिकर और अनामिका हक्सर ने कार्यशाला का संचालन किया। नेमि चन्द्र जैन कार्यशाला के समन्वयक प्रभारी निर्देशक और बी.वी. कारंत सह निर्देशक थे। प्रत्येक निर्देशक ने अपनी पंसद के नाटक पर दल के साथ छह दिन कार्य किया।

प्रतिष्ठित अभिनेता कलाकारों और नाटककारों के साथ पारस्परिक आदान-प्रदान के अवसर उपलब्ध कराने के अलावा, युवा निर्देशकों को कविता, नृत्य, संगीत, चित्रांकन, फ़िल्म, आदि के संबंध में विचार-विमर्श, प्रदर्शनों और *व्याख्यानों* के ज़रिए संबद्ध कलाओं से भी अवगत कराया गया। कार्यशाला का आयोजन संस्कृति केंद्र, आनंदग्राम में किया गया। इस केंद्र का वातावरण कार्यशाला के लिए उपयुक्त था जहाँ आए हुए 13 युवा निर्देशक ठहरे और उन्होंने समस्त अवधि के दौरान मिल-जुलकर कार्य किया।

आनंदग्राम में आयोजित कार्यशाला का कार्यक्रम और उसमें आयोजित व्याख्यानों तथा प्रदर्शनों में भाग लेने वाले निर्देशकों का विवरण निम्न प्रकार है:

कार्यशाला कार्यक्रम

27 फरवरी — 4 मार्च : विजया मेहता
6 मार्च — 11 मार्च : के.एन. पणिक्कर
13 मार्च — 19 मार्च : हबीब तनवीर
20 मार्च — 25 मार्च : अनामिका हक्सर
कार्य सत्र I : 9.30 प्रात: — 11 प्रात:
कार्य सत्र II : 11.15 प्रात: — 12.45 सायं
पूर्वाभ्यास सत्र : 2.00 सायं — 3.15 सायं
वार्ता/प्रदर्शन : 3.30 सायं — 5.00 सायं
संध्याकाल : प्रदर्शन, कला दीर्घाओं में जाना, आदि।

व्याख्यान एवं प्रदर्शन

27 फरवरी : ''मॉडर्न मूवमेंट्स इन आर्ट्स'' : नामवर सिंह

28 फरवरी : ''वेस्टर्न थिएटर एंड बेसिक कन्सेप्ट्स ऑफ स्टेनिस्लावस्की, ब्रेख्ट, ग्रोटोव्सकी: अनुराधा कपूर

1 मार्च : ''वेस्टर्न थिएटर एंड बेसिक कन्सेप्ट्स ऑफ स्टेनिसलावस्की, ब्रेख्ट, ग्रोटोव्सकी : अनुराधा कपूर

2 मार्च : ''मीट द प्लेराइट'' : गिरीश कारनाड

3 मार्च : ''सीनिक डिज़ाइन'' : निसार अल्लाना

4 मार्च : ''स्टेज लाइटिंग'' : तापस सेन
7 मार्च : नाट्यशास्त्र की मूल अवधारणा : कमलेश दत्त त्रिपाठी
8 मार्च : संस्कृत नाट्य : कमलेश दत्त त्रिपाठी
9 मार्च : ''मीट द प्लेराइट'' : जी.पी. देशपांडे
10 मार्च : ''फिल्म एप्रिसिएशन'' :
मदन गोपाल सिंह
11 मार्च : ''पोइट्रि एप्रिसिएशन'' :
अशोक वाजपेयी
12 मार्च : ''एशियन थिएटर'' : सुरेश अवस्थी
14 मार्च : ''म्यूजिक एप्रिसिएशन'' : मुकुंद लाठ
15 मार्च : ''ओड़िसी नृत्य-व्याख्यान एवं प्रदर्शन'': सोनल मानसिंह
16 मार्च : ''कॉस्ट्यूम डिज़ाइन'' :
डौली अहलूवालिया
18 मार्च : ''मॉडर्न इंडियन ड्रामा'' : कीर्ति जैन
19 मार्च : ''मीट द् एक्ट्रेस'' : उत्तरा बावकर
20 मार्च : पारम्परिक भारतीय नाट्यकला : एन.सी. जैन
22 मार्च : ''*आर्ट एप्रिसिएशन*'' : *गीता कपूर*
23 मार्च : ''मीट द् एक्टर'' : नसीरुद्दीन शाह

भाग लेने वाले

अशोक राही, जयपुर; चित्रा मोहन, लखनऊ; दीपक कुमार, जम्मू; इक़बाल हुसैन, बीकानेर; जयति बोस, कलकत्ता; मन्विता बराड़ी, अहमदाबाद; मुश्ताक काक, जम्मू; एन. प्रेम चंद, इम्फाल; निसार नसीम, श्रीनगर; पी.एस. चारी, बड़ौदा; राजकमल नाइक, रायपुर; स्पुंती बारदोलोई, नौगांव (असम); वैक्कन, वैकोम (केरल)

रंगमंच की सलाहकार समिति की प्रारंभिक सिफ़ारिशों में से एक सिफ़ारिश यह थी कि उन युवा निर्देशकों के नाटकों को प्रायोजित किया जाए जिन्होंने पिछले दस वर्षों के दौरान ''युवा रंगकर्मियों को सहायता'' योजना के अधीन आयोजित अखिल भारतीय नाट्य समारोहों में भाग लिया है। तद्नुसार, 4 से 16 फ़रवरी, 1995 तक जयपुर, जोधपुर, उदयपुर, भीलवाड़ा और कोटा में राजस्थान संगीत नाटक अकादेमी के सहयोग से नाट्य समारोह की श्रृंखला का आयोजन किया गया।

इस समारोह-श्रृंखला का कार्यक्रम निम्न प्रकार है:

पासा (हिंदी) : निर्दे. : सत्यव्रत राउत, जयपुर (4 फ़रवरी), जोधपुर (6 फ़रवरी), उदयपुर (8 फ़रवरी), भीलवाड़ा (10 फ़रवरी), कोटा (12 फ़रवरी)।

बावा जित्तो (डोगरी) : निर्दे. : बलवंत ठाकुर, जयपुर (5 फ़रवरी), जोधपुर (7 फ़रवरी), उदयपुर (9 फ़रवरी), भीलवाड़ा (11 फ़रवरी), कोटा (13 फ़रवरी)

जुल्वा (मराठी) : निर्दे. : वामन केंद्रे, जयपुर (6 फ़रवरी), जोधपुर (8 फ़रवरी), उदयपुर (10 फ़रवरी), भीलवाड़ा (12 फ़रवरी), कोटा (14 फ़रवरी)

लक्षपति राजा ने कथे (कन्नड़) : निर्दे. : बी. जयश्री, जयपुर (7 फ़रवरी), जोधपुर (9 फ़रवरी), उदयपुर (11 फ़रवरी), भीलवाड़ा (13 फ़रवरी), कोटा (15 फ़रवरी)

महारथी (हिंदी) : निर्दे. : कृष्णकांत, जयपुर (8 फ़रवरी), जोधपुर (10 फ़रवरी), उदयपुर (12 फ़रवरी), भीलवाड़ा (14 फ़रवरी), कोटा (16 फ़रवरी)।

पिछले दो वर्षों के दौरान इस प्रकार के नाट्य समारोह कर्नाटक, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश, जम्मू एवं कश्मीर, पंजाब और चंडीगढ़ में प्रायोजित किए जा चुके हैं।

पारंपरिक नाट्योत्सव : दिल्ली

यह पारंपरिक नाट्योत्सव 28 से 30 अक्तूबर, 1994 तक आयोजित किया गया था जिसमें वर्ष 1993 के पारंपरिक रंगमंच के चार पुरस्कार विजेताओं ने अपनी कला का प्रदर्शन किया।

उत्सव का कार्यक्रम निम्न प्रकार था:

28 अक्तूबर
यक्षगान : केरेमने शंभु हेगड़े

29 अक्तूबर
माच : सिद्धेश्वर सेन
तेरुकूत्तु : पुरिसई एन. सुब्रमण्य तम्बिरन

30 अक्तूबर
रासलीला : स्वामी श्रीराम शर्मा और स्वामी फ़तेह कृष्ण शर्मा

पारंपरिक प्रदर्शनकारी कलाओं के दुर्लभ रूपों का संवर्धन और परिरक्षण

यह योजना संगीत, नृत्य और नाट्य कला के उन रूपों में उच्च प्रशिक्षण के लिए सहायता प्रदान करती है जिनके लुप्त होने की आशंका है। अकादेमी प्रोत्साहन के रूप में विख्यात गुरुओं को मानदेय और प्रशिक्षार्थियों को वजीफ़ा प्रदान करके इन कलारूपों को परंपरागत प्रशिक्षण-अधिगम प्रक्रिया द्वारा बनाए रखने की कोशिश करती है। प्रशिक्षण से संबंधित विवरण नियमित रूप से प्राप्त होता रहता है और अकादेमी द्वारा प्रशिक्षार्थियों की प्रगति का आकलन वार्षिक आधार पर किया जाता है।

वर्ष 1994-95 के दौरान निम्नलिखित प्रशिक्षण कार्यक्रम चल रहे थे: गुरु रामशंकर दास पागलदास के अधीन पखावज; उस्ताद साबरी ख़ां और गुरु इंदर लाल धान्द्रा के अधीन सारंगी; गुरु टी.एस. लाचप्पा पिल्लै के अधीन नागस्वरम्; उस्ताद अत्तन खां के अधीन नक्कारा; गुरु पी. चिन्नप्पा पिल्लै के अधीन तविल; और पेम्पा खां माँगणियार और मेहरदीन लंगा के अधीन मुरली और सतारा (राजस्थान के सुषिर-वाद्य)।

वर्ष के दौरान दो प्रशिक्षण कार्यक्रम जोड़े गए : तिरुवरूर के गुरु टी. शंकर मूर्ति के अधीन पंचमुख वाद्य और वेदारण्यम् के गुरु पेरिअपपा के अधीन नागस्वरम्।

संगीत की सलाहकार समिति की सिफारिशों पर कार्यकारिणी मंडल ने योजना के कार्यक्षेत्र के विस्तार की तथा योजना का नाम ''पारंपरिक प्रदर्शनकारी कलाओं का प्रशिक्षण और परिरक्षण'' रखने की अनुमति प्रदान की। योजना में अब परंपरागत कलाओं को अपना रहे परिवारों के युवा सदस्यों को प्रोत्साहन प्रदान करने और ऐसे रूपों, शैलियों, परंपराओं, घरानों, आदि को समर्थन प्रदान करने की व्यवस्था है जिन्हें अन्यथा समर्थन प्राप्त नहीं होता है। गुरुओं और प्रशिक्षार्थियों के लिए वित्तीय सहायता में बढ़ोतरी कर दी गई है और संगीत वाद्य-यंत्रों, पोशाकों, आदि की खरीद के लिए भी प्रावधान कर दिया गया है।

कूटियाट्टम और छऊ को समर्थन

नृत्य एवं संगीत में विशिष्ट प्रशिक्षण के राष्ट्रीय केंद्रों के विकास के लिए योजनागत कार्यक्रम के अधीन अकादेमी कूटियाट्टम और छऊ को समर्थन प्रदान कर रही है।

कूटियाट्टम

केरल की शास्त्रीय नाट्य कला परंपरा—कूटियाट्टम के समर्थन के लिए अकादेमी ने वर्ष 1991 में ''टोटल-केअर'' कार्यक्रम शुरू किया था। इस कार्यक्रम में इरिंजलाकुड़ा में गुरु अम्मानूर माधव चाक्यार के मार्ग दर्शन में कूटियाट्टम और नाङ्ग्यार कूत्तु में प्रशिक्षण, गुरु पी.के. नारायण नम्बियार के अधीन मिषाव-वादन में प्रशिक्षण और नियमित प्रदर्शन अवसरों के लिए केंद्र के रूप में विकसित करने के लिए तिरुवनंतपुरम् में ''मार्गी'' संस्था को प्रदर्शन सहायता देना सम्मिलित है।

वर्ष 1994 के दौरान इस कार्यक्रम को चलते हुए तीन वर्ष पूरे हो गए थे और इसकी विस्तृत समीक्षा डॉ. प्रेम लता शर्मा की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा की गई जिसमें के. अय्यप्पा पणिकर, के.पी. नारायण पिशारडी, के. वासुदेवन नंबूदिरिपाद, एस. गणेश अय्यर और सचिव, संगीत नाटक अकादेमी शामिल थे। अगस्त, 1994 में कूटियाट्टम के विभिन्न केंद्रों में जाने और अनेक बैठकों और वाद-विवादों के पश्चात् समिति ने इरिंजलाकुड़ा और लक्कीडी में अम्मानूर चाचु चाक्यार स्मारक गुरुकुलम में गुरुओं तथा शिक्षार्थियों के पारिश्रमिक की दरों में वृद्धि और मार्गी को प्रदर्शन सहायिकी में वृद्धि के बारे में विशिष्ट सिफारिशें कीं।

इसके अतिरिक्त, कूटियाट्टम प्रदर्शनों, पुस्तकों के प्रलेखन और पुनर्मुद्रण, नाङ्ग्यार कूत्तु के प्रशिक्षण एवं प्रदर्शन को समर्थन, और अकादेमी की सहायता से केरल में वार्षिक कूटियाट्टम उत्सव आयोजित करने के लिए केरल कलामंडलम् चेरूतिरुति को समर्थन देने के बारे में दिसंबर, 94 में कार्यकारिणी मंडल ने अनेक सिफारिशों को अनुमोदन प्रदान किया था। ये सिफारिशें कार्यान्वयन के विभिन्न चरणों में हैं।

छऊ

विशेषज्ञों, कलाकारों और विभिन्न संस्थाओं के साथ विचार-विमर्श करने के पश्चात् 26 गाँवों (बारीपदा के अतिरिक्त) का सर्वेक्षण करके 1 फरवरी, 1994 को मयूरभंज छऊ में एक प्रशिक्षण परियोजना चालू की गई थी। एक विशेषज्ञ समिति ने, जिसमें जीवन पाणि, डी.एन. पटनायक, स्थानीय मयूरभंज गुरु और अन्य लोग शामिल थे, प्रशिक्षण कार्यक्रम के लिए गुरुओं और शिक्षार्थियों का चयन किया। इसका कार्यान्वयन मयूरभंज छऊ नृत्य प्रतिष्ठान, बारीपदा और जिला प्रशासन के सहयोग और समर्थन से किया गया। इसके अंतर्गत शिक्षार्थियों को वजीफ़े और छऊ संगीत में पुनश्चर्या पाठ्यक्रम के अलावा बारीपदा और पड़ोसी गाँवों में गुरुओं और संगत करने वालों के लिए पारिश्रमिक का प्रावधान था।

अक्तूबर, 1994 में इस मार्गदर्शी परियोजना की समीक्षा एक समिति द्वारा की गई जिसमें डी.एन. पटनायक, जीवन पाणि और अकादेमी के जे.पी. कस्तुआर, सहायक सचिव (नृत्य) शामिल थे। चूंकि समिति को परियोजना के प्रथम नौ महिनों के परिणाम आशाप्रद मिले, अत: परियोजना को नियमित आधार पर जारी रखने की सिफारिश की। समिति ने प्रशिक्षार्थियों के वजीफ़े में वृद्धि करने की सिफारिश करते हुए नृत्य शिक्षकों के लिए पुनश्चर्या एवं प्रशिक्षण पाठ्यक्रमों को आयोजित करने, संगीत शिक्षार्थियों को वजीफ़े देने, ढोल में प्रशिक्षण देने आदि में कुछेक संशोधन करने की भी सिफ़ारिश की। सिफ़ारिशों को लागू किया जा रहा है।

अकादेमी ने मयूरभंज छऊ नृत्य प्रतिष्ठान, बारीपदा को अप्रैल, 1994 में बारीपदा में वार्षिक चैत्र पर्व आयोजित करने के लिए वित्तीय सहायता प्रदान की।

पारम्परिक नाट्योत्सव

तेरूकूत्तु : पुरिसई एन. सुब्रमण्य तम्बिरन

यक्षगान : केरेमने हेगड़े

माच: सिद्धेश्वर सेन

रास लीला:
श्रीराम शर्मा तथा फ़तेह
कृष्ण शर्मा

नाट्य-कला कार्यशाला

गिरीश कारनाड आनन्दग्राम में आयोजित निर्देशक—कार्यशाला में व्याख्यान देते हुए—उनकी बायीं और दायीं ओर बैठे है नेमिचन्द्र जैन तथा बी.वी. कारन्त।

प्रलेखन

चम, जिस्पा तीर्थ मन्दिर में मठवासियों द्वारा प्रदर्शित किया जाने वाला एक धार्मिक नृत्य

जिस्पा, हिमाचल प्रदेश में कालचक्र महोत्सव: महामहिम दलाई लामा बालू मॉडला के निर्माण का निरीक्षण करते हुए।

अड़ाकू घाटी, आन्ध्रप्रदेश का एक जनजातीय नृत्य

कृष्णाट्टम की एक प्रस्तुति

व्याख्यान निदर्शन: कुटियाट्टम महोत्सवम्: गुरू अम्मानूर माधव चाक्यार (मध्य) साथ में हैं सुधा गोपालकृष्णन् और कपिला वात्स्यायन

व्याख्यान निदर्शन: गुरु केलुचरण मोहपात्र, पंडित बिरजू महाराज, श्रीमती एम. के. सरोजा।

भरतनाट्यम प्रदर्शन: गुरू नाना कासर

रणसींग—महाराष्ट्र में इस्तेमाल होने वाला एक वाद्ययंत्र

अंतर-राज्य सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

यह कार्यक्रम प्रदर्शनकारी कलाकारों के दलों और व्यष्टिक कलाकारों के पारस्परिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के उद्देश्य से हमारी प्रदर्शनकारी कलाओं की परंपरा के बारे में पूर्ण जागरुकता पैदा करता है। हालांकि इस कार्यक्रम को कार्यान्वित करने का दायित्व राज्य सरकारों का है, अकादेमी आदान-प्रदान कार्यक्रम से संबंधित सरकारों को परामर्श देकर प्रायोजित दौरों के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करके और उनमें समन्वय स्थापित करके निर्णायक भूमिका निभाती है।

प्रत्येक वर्ष राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों के साथ परामर्श करके आदान-प्रदान कार्यक्रम तैयार किया जाता है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के प्रतिनिधियों का 18वां सम्मेलन 1994 में शिमला में आयोजित किया गया।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, सम्मेलन के निर्णय के आधार पर 27 दौरे किए गए जो निम्न प्रकार हैं:

1. सिक्किम के एक 30 सदस्यीय लोक संगीत और नृत्य दल ने 17 से 25 सितंबर, 1994 तक पंजाब का दौरा किया। प्रदर्शन: रोपड़, नांगल, चंडीगढ़, फ़रीदकोट, पटियाला, लुधियाना।

2. आंध्र प्रदेश के एक 28 सदस्यीय शास्त्रीय/लोक/जनजातीय संगीत और नृत्य दल ने 2 से 10 अक्तूबर तक सिक्किम का दौरा किया। प्रदर्शन : गंगटोक, सोरेंग, पोंगथांग, किशन स्कूल, बुर्थुक स्कूल एवं कोलथांग स्कूल मैदान, नामची।

3. उड़ीसा के एक 30 सदस्यीय दल ने 7 से 15 नवंबर तक हिमाचल प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन : शिमला, रोहरू, थियोग, रामपुर, सोलन, रेणुका।

4. केरल के एक 30 सदस्यीय लोक संगीत और नृत्य दल ने 20 से 28 नवंबर तक गोवा का दौरा किया। प्रदर्शन : पणजी, कुरुकोरेम, उसगाव, मीरामर, वास्को, केरी, मार्गो।

5. तमिलनाडु के एक 25 सदस्यीय दल ने 29 नवंबर से 9 दिसंबर तक जम्मू एवं कश्मीर का दौरा किया। प्रदर्शन : जम्मू, कठुआ, उधमपुर, गांधी नगर, नगरोटा, राजौरी।

6. मिजोरम के एक 37 सदस्यीय दल ने 30 नवंबर से 8 दिसंबर तक गोवा का दौरा किया। प्रदर्शन बिचोलिम, मरसेल, सनक्यूम, पणजी, कनाकोना, परनम, पिलार।

7. हिमाचल प्रदेश के एक 30 सदस्यीय दल ने 11 से 18 दिसंबर तक अरुणाचल प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन : इटानगर (3), ज़िरो याजली, नहरलगुन।

8. हिमाचल प्रदेश के एक 30 सदस्यीय दल ने 21 से 31 दिसंबर तक पश्चिम बंगाल का दौरा किया। प्रदर्शन : रिशारा, विष्णुपुर, सोदपुर बरहमपुर, सिलिगुड़ी, कलकत्ता।

9. हरियाणा के एक 28 सदस्यीय दल ने 6 से 13 जनवरी 1995 तक गोवा का दौरा किया। प्रदर्शन : पणजी, कोलवले, पेदने, शिरोदा, बिचोलिम।

10. केरल के एक 30 सदस्यीय दल ने 13 से 19 जनवरी तक कर्नाटक का दौरा किया। प्रदर्शन : मुदुबिदरी, मुरुदेश्वर सिरसी, बनवासी, चित्रदुर्ग, मगादी।

11. कर्नाटक के एक 30 सदस्यीय लोक नृत्य दल ने 13 से 19 जनवरी तक केरल का दौरा किया। प्रदर्शन: तेल्लिचेरी, क्विलोन, माला, अलूवा, पुनालूर, पूवाचल।

12. हिमाचल प्रदेश के एक 30 सदस्यीय दल ने 15 से 22 जनवरी तक दादर एवं

नागर हवेली का दौरा किया। प्रदर्शन : दादर, रंधा, खनवल, अम्बोली, सिलवासा, नरोली।

13. कर्नाटक के एक 30 सदस्यीय लोक नृत्य दल ने 15 से 20 जनवरी तक दिल्ली का दौरा किया। प्रदर्शन : दिल्ली हाट, आई एन ए मार्किट, शकरपुर, त्रिवेणी, दिल्ली पब्लिक स्कूल (सफदरजंग एन्कलेव), एन पी एल ऑडिटोरियम (पूसा इन्स्टिट्यूट)।

14. हिमाचल प्रदेश के एक 30 सदस्यीय लोक नृत्य दल ने 23 जनवरी से 1 फ़रवरी तक गुजरात का दौरा किया। प्रदर्शन : गांधी नगर (3), कलोल, नादियाड, अहमदाबाद।

15. बिहार के एक 30 सदस्यीय लोक संगीत और नृत्य दल ने 24 जनवरी से 2 फ़रवरी तक कर्नाटक का दौरा किया। प्रदर्शन : बंगलौर, रायचूर, हत्ती, भीमारायणागुडी, कृष्णपुर, बीदर।

16. महाराष्ट्र के एक 30 सदस्यीय दल ने 14 से 21 फ़रवरी तक नागालैंड का दौरा किया। प्रदर्शन : कोहिमा (4), तीज़ामा, कूमूकेडिमा।

17. गोवा के एक 29 सदस्यीय दल ने 16 से 27 फ़रवरी तक आंध्र प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन : हैदराबाद, मेदक, राजामुन्द्री, विशाखापत्तनम, विजय नगरम, श्रीकाकुलम।

18. कर्नाटक के एक 30 सदस्यीय दल ने 16 से 23 फ़रवरी तक मिज़ोरम का दौरा किया। प्रदर्शन : वेनापा हॉल, एमएपी, सेसांग, हंलिथियाल, पेंगजावल, गवर्नमेंट कॉम्प्लेक्स।

19. उत्तर प्रदेश के एक 30 सदस्यीय दल ने 7 से 17 मार्च तक कर्नाटक का दौरा किया। प्रदर्शन : कोलार, बेल्लारी, हास्पेट, बीजापुर, गदग, चित्रदुर्ग।

20. जम्मू एवं कश्मीर के एक 32 सदस्यीय दल ने 5 से 14 मार्च तक तमिलनाडु का दौरा किया। प्रदर्शन : मद्रास (2), काँचीपुरम, वेल्लोर, कुड्डालोर, धर्मपुरी, होसूर, सालेम।

21. नागालैंड के एक 30 सदस्यीय दल ने 8 से 17 मार्च तक महाराष्ट्र का दौरा किया। प्रदर्शन : बंबई, अहमदनगर, चोप्डा, बुलधाना, वर्धा, नागपुर।

22. पश्चिम बंगाल के एक 30 सदस्यीय दल ने 8 से 17 मार्च तक हिमाचल प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन : खाजियार साहू, मेला, जोगिन्द्र नगर, पालमपुर, रिवालसर, शिमला।

23. नागालैंड के एक 30 सदस्यीय दल ने 21 से 31 मार्च तक हिमाचल प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन : शिमला, कोतखई, राजगढ़, रौनत, कफोटा, नाहन, अरकी।

24. जम्मू एवं कश्मीर के एक 32 सदस्यीय दल ने 15 से 21 मार्च तक आंध्र प्रदेश का दौरा किया। प्रदर्शन : निर्मल, निज़ामाबाद, इडुमेलारम, हैदराबाद।

25. मणिपुर के एक 30 सदस्यीय दल ने 20 से 31 मार्च तक तमिलनाडु का दौरा किया। प्रदर्शन : मद्रास, कन्याकुमारी, तिरुनेलवेली, विरुधुनगर, मदुरै, तिरुचिरापल्ली।

26. बिहार के एक 30 सदस्यीय दल ने 22 से 30 मार्च तक राजस्थान का दौरा किया। प्रदर्शन : सुजानगढ़, चूरू, गंगानगर, बीकानेर, जोधपुर।

27. राजस्थान के एक 23 सदस्यीय दल ने 29 मार्च से 9 अप्रैल तक बिहार का दौरा किया। प्रदर्शन : पटना, बोधगया, खूंटी, गुमाला, लोहारडांगा।

भारत और अन्य देशों के बीच सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम

विशिष्ट प्रदर्शनकारी कलाओं का निकाय होने के कारण अकादेमी पर भारत तथा अन्य देशों के बीच होने वाले सांस्कृतिक आदान-प्रदान कार्यक्रम करारों के अंतर्गत कुछ महत्त्वपूर्ण कार्य करने की ज़िम्मेदारी है। अकादेमी इसमें मुख्यत: भारत की प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित सामग्री और सूचना प्रदान करने के निकासी गृह के रूप में, विभिन्न देशों की संस्थाओं के साथ पुस्तकों, टेपों, और अन्य प्रकाशित पुरालेखी सामग्री का आदान-प्रदान करने का कार्य करती है। किन्हीं अवसरों पर अकादेमी विशिष्ट कार्यक्रमों के अधीन भारतीय विशेषज्ञों और प्रदर्शनकारी कलाकारों को विदेश भी भेजती है और विदेशी विशेषज्ञों और कलाकारों को भारत में आमंत्रित करती हैं।

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, अकादेमी ने भारतीय प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित चुनिंदा श्रव्य एवं दृश्य-कैसेट, प्रकाशन और चित्र पाकिस्तान, यूनान, अमेरिका, फ्रांस और आस्ट्रेलिया की संस्थाओं और व्यक्तियों को भेजे या उपहार-स्वरूप प्रदान किए। कार्यक्रम के अधीन स्पेन से प्राप्त पुस्तकें पश्चिमी संगीत में प्रशिक्षण दे रही संस्थाओं को वितरित कर दी गई हैं।

प्रकाशन

अकादेमी के प्रकाशन कार्यक्रम के अंतर्गत, जो वर्ष 1953 में अकादेमी की स्थापना के तुरंत बाद शुरू किया गया था, प्रदर्शनकारी कलाओं पर पुस्तकें तथा मॉनोग्राफ़, त्रैमासिक पत्रिका संगीत नाटक और त्रैमासिक रूप से निकलने वाले संगीत नाटक न्यूज़ बुलेटिन का प्रकाशन सम्मिलित है। इसके अतिरिक्त संगीत, नृत्य और नाटक संबंधी प्रकाशनों के संवर्धन के लिए अकादेमी इसके लेखकों और प्रकाशकों को अंग्रेज़ी और भारतीय भाषाओं की पुस्तकों और पत्रिकाओं के लिए आर्थिक सहायता प्रदान करके मदद करती है। अकादेमी के प्रकाशनों की सूची परिशिष्ट-6 पर दी गई है।

कूटियाट्टम पर केन्द्रित संगीत नाटक का विशेषांक मार्च, 1995 में प्रकाशित किया गया था, जिसका संपादन प्रो. के. अय्यप्पा पणिकर ने किया। कूटियाट्टम के प्रख्यात गुरुओं और अन्य प्रतिपादकों के लेख वाले इस अंक (सं.111-114) का अकादेमी द्वारा दिल्ली में 24 से 29 मार्च, 1995 तक आयोजित कूटियाट्टम महोत्सवम् के अवसर पर विमोचन किया गया।

प्रतिवेदनाधीन अवधि के दौरान, प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित निम्नलिखित पत्रिकाओं को आर्थिक सहायता प्रदान की गई: बहुरूपी, कलकत्ता (20,000/- रुपए); जनरल ऑफ द इंडियन म्यूज़िकोलोजिकल सोसायटी, बड़ौदा (15,000/-रुपए); षणमुख, बंबई (10,000/- रुपए); शूद्रक, कलकत्ता (12,000/- रुपए); जनरल ऑफ म्यूज़िक अकादेमी, मद्रास (10,000/- रुपए) ; श्रुति, मद्रास (25,000/- रुपए) ; परिकर, (10,000/- रुपए); इस अवधि में, निम्न पुस्तकों के लिए भी आर्थिक सहायता प्रदान की गई : मुक्त संगीत, सम्पादक श्रीराम संगोराम (25,000/- रुपए) ; भंगी इन मणिपुरी रास डांस : ले.जी. सूरचंद शर्मा (5,000/- रुपए) ; और शास्त्रीय संगीत और म्यूज़िकल कल्चर ऑफ बंगाल थ्रू द एज़िस : ले.छाया चटर्जी (12,500/- रुपए प्रथम क़िस्त)।

प्रलेखन एवं प्रसार

गत वर्षों में संगीत नाटक अकादेमी ने प्रदर्शनकारी कलाओं पर श्रव्य-टेपों, फ़ोटोग्राफ़ और फ़िल्मों का एक बड़ा अभिलेखागार तैयार कर लिया है और वर्ष 1981 से इसमें वीडियो टेपों को भी शामिल किया गया है। संगृहीत सामग्री का प्रचार श्रव्य एवं दृश्य को सुनने एवं देखने की व्यवस्था, संगीत के ध्वन्यांकन एवं पुनरांकन और फ़िल्म प्रोजेक्शन के द्वारा किया जाता है। अकादेमी के अभिलेखागार की सामग्री का व्यापक रूप से उपयोग प्रकाशनों, फ़िल्मों और दूरदर्शन के साथ-साथ भारत की प्रदर्शनकारी कलाओं के अनुसंधान कार्यों में किया गया है।

वर्ष 1994-95 के दौरान अकादेमी के अभिलेखागार में 8300 फ़ोटोग्राफ़, 2000 ट्रैन्सपेरेंसी, 160 घंटों की श्रव्य रिकार्डिंग और 360 घंटों की वीडियो रिकार्डिंग को जोड़ा गया है। इस संग्रह में अब मुख्य रूप से भारतीय संगीत, नृत्य और रंगमंच से संबंधित 1.44 लाख फ़ीट से अधिक 16-एम.एम. फ़िल्म; 97,350 फ़ोटोग्राफ़, 28,600 ट्रैन्सपेरेंसी, 5,865 घंटों की श्रव्य रिकार्डिंग और 2215 घंटों की वीडियो रिकार्डिंग है। समीक्षाधीन अवधि के दौरान तैयार की गई श्रव्य और दृश्य रिकार्डिंग की सूची परिशिष्ट-7 में दी गई है। इनमें से अधिक महत्वपूर्ण रिकार्डिंग का उल्लेख नीचे किया गया है।

केरल में गुरुवयूर मंदिर में कृष्णाट्टम नाटकों की पूरी श्रृंखला की वीडियो फ़िल्म तैयार की गई थी जिसमें अवतारम् कालियामर्दनम् रासक्रीड़ा, कंसवधम्, स्वयंवरम्, बाणयुद्धम्, विविदावध और स्वर्गारोहणम् प्रसंग सम्मिलित हैं।

हिमाचल प्रदेश के लाहौल एवं स्पीती ज़िले में जिस्पा में परम पावन दलाई लामा द्वारा संचालित कालचक्र समारोह की वीडियो फ़िल्म तैयार की गई। रिकार्डिंग में मृत्तिका के मांडला बनाने के अनुष्ठान, मंत्रोच्चार तथा अवसर विशेष पर गाए जाने वाले संगीत और नृत्य प्रदर्शन सम्मिलित हैं।

वर्ष के दौरान, आंध्रप्रदेश की नृत्य परंपराओं की रिकार्डिंग में कूचिपूड़ि के 12 गुरुओं के व्याख्यान—प्रदर्शन सम्मिलित हैं जिनमें वेम्पटि चिन्ना सत्यम, सी.आर. आचार्यालु, वेदांतम् सत्य नारायण शर्मा, पसुमर्ति वेणु गोपाल शर्मा आदि शामिल हैं। अकादेमी की वित्तीय सहायता से हैदराबाद में आयोजित संगोष्ठी के दौरान आंध्र प्रदेश की प्रख्यात देवदासियों के प्रदर्शनों को भी रिकार्ड किया गया। आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम और पार्वतीपुरम ज़िलों में अराकू घाटी में जनजातीय नृत्य की उन्हीं स्थानों पर वीडियो फ़िल्म तैयार की गई।

गोवा में लोक संगीत वाद्य-यंत्रों के समारोह में कोमल कोठारी के मार्गदर्शन में राजस्थान, गोवा, महाराष्ट्र, और गुजरात के संगीत वाद्य-यंत्रों का प्रलेखन किया गया।

दिल्ली में बिरजू महाराज, केलुचरन महापात्र और एम.के. सरोजा के व्याख्यान-निदर्शनों और प्रदर्शनों की वीडियो फ़िल्म तैयार की गई।

कूटियाट्टम महोत्सवम् के अवसर पर कूटियाट्टम गुरुओं के व्याख्यान-निदर्शनों और उनके साक्षात्कारों की वीडियो फिल्म तैयार की गई। कुछेक नाटकों और निदर्शनों की विशेष रिकार्डिंग भी की गई।

अकादेमी के अभिलेखागार में उपलब्ध रिकार्डिंग से तीन वीडियो फ़िल्म तैयार की गई हैं: कंगलाई हरोबा (मणिपुर के लाई हरोबा का रूपांतर), मणि माधव चाक्यार पर दो फ़िल्में जिनमें उनके साक्षात्कारों और पार्वती-विरहम् के प्रदर्शनों के उद्धरण सम्मिलित हैं। कूटियाट्टम महोत्सवम् के दौरान मणि माधव चाक्यार पर तैयार फ़िल्म-मास्टर एट वर्क - को प्रदर्शित किया गया। वर्ष 1992 में निर्मित रिकार्डिंगों के आधार पर मेघालय जैन्तिया जनजाति के बेहदीनख्लाम महोत्सव पर तैयार की गई 15 मिनट की वीडियो फ़िल्म ने जापान में सोनी कॉन्टेस्ट अवार्ड (1994) प्राप्त किया।

संग्रहालय

अकादेमी अपने प्रारंभ से ही संगीत वाद्ययंत्रों, मुखौटों एवं शिरस्त्राणों, पुतलियों और अन्य सामग्रियों का संग्रह करती आ रही है। फिर भी, व्यवस्थित रूप से सामग्री का संग्रहण वर्ष 1968 से ही आरंभ हुआ, जब अकादेमी ने लोक और जनजातीय संगीत वाद्य-यंत्रों की एक मुख्य प्रदर्शनी का आयोजन किया। तब से संग्रहालय में नियमित रूप से संग्रहण किया गया और इनमें संगीतज्ञों और अभ्यागत मंडलियों से उपहार के रूप में प्राप्त वस्तुएँ भी शामिल हैं। अब संग्रहालय में लगभग 1300 वस्तुएँ हैं जिनमें से 250 को गैलरी में प्रदर्शनार्थ रखा गया है जो मुख्य रूप से लोक, जनजातीय और शास्त्रीय संगीत वाद्ययंत्र हैं। इसमें मुखौटों, पुतलियों, पोशाकों और अन्य हस्तकृतियों का भी पर्याप्त संग्रह है।

वस्तुओं का व्यवस्थित संख्यांकन, परिग्रहण अनुक्रमणी और सूची पत्र तैयार करने का कार्य लगभग दो वर्ष पहले शुरू किया गया था। यह कार्य वर्ष 1994-95 में भी जारी रहा।

अकादेमी द्वारा आयोजित विभिन्न समारोहों के अवसर पर विशेष प्रदर्शनियाँ लगाई गईं जिनमें कूटियाट्टम महोत्सवम्, पारंपरिक नाट्योत्सव, आदि शामिल हैं।

पुस्तकालय

पिछले कई वर्षों में अकादेमी के पुस्तकालय में प्रदर्शनकारी कलाओं पर पुस्तकों का एक विशिष्ट संग्रह किया गया है, इनमें से बहुत सी पुस्तकें ऐसी हैं जो या तो दुर्लभ हैं या जिनका प्रकाशन बन्द हो गया है। मुख्य रूप से प्रदर्शनकारी कलाओं के छात्रों और अनुसंधानकर्ताओं की आवश्यकता को पूरा करने के लिए पुस्तकालय में देश-विदेश की लगभग 100 पत्र-पत्रिकाएँ आती हैं और पुस्तकालय में अब कुल पुस्तकों की संख्या 20,124 है।

वर्ष के दौरान, पुस्तकालय में पत्र-पत्रिकाओं की समीक्षा की गई और देश-विदेश से 47 पत्र-पत्रिकाओं को मंगाया गया। एक माइक्रोफ़िल्म रीडर खरीदा गया और पुस्तकालय के लिए रंगमंच से संबंधित माइक्रोफ़िल्म रूप में तैयार कुछ सामग्री भी प्राप्त की गई।

एक साथ श्रव्य और दृश्य की सुविधाओं वाले हाल ही में निर्मित किए गए श्रव्य/दृश्य पुस्तकालय में कम्पेक्ट-डिस्क प्लेयर भी लगाया गया है। अकादेमी के अभिलेखागार में उपलब्ध 9,667 डिस्क, 1051 प्री-रिकार्डिड कैसेट और 763 से अधिक ऑडियो कैसेटों को वर्ष 1994-95 के दौरान वर्गीकृत और सूचीकृत किया गया। संग्रह में अब नृत्य, संगीत और नाटक के 59 वीडियो कैसेट के अलावा भारतीय संगीत के 50 से ऊपर कम्पेक्ट डिस्क भी शामिल हैं।

सांस्कृतिक संस्थाओं और व्यक्तियों को वित्तीय सहायता

अकादेमी अपने स्थापना काल से ही संगीत, नृत्य और नाटक की संस्थाओं को आर्थिक सहायता प्रदान करती आ रही है। अनुदान समिति, जो देश भर की संस्थाओं से आए अनुदान-पत्रों पर विचार करती है, ने वित्तीय वर्ष 1994-95 के दौरान 211 सांस्कृतिक संस्थाओं को 29,15,500/- रुपए की अनुदान राशि की सिफारिश की (परिशिष्ट-8)। अध्यक्ष के विवेकानुदान से 1,14,500/- रुपए की राशि मंजूर की गई (परिशिष्ट-9)।

वर्ष 1992-93 में प्रारंभ की गई ''प्रदर्शनकारी कलाओं में अनुसंधान के लिए व्यक्तियों को परियोजना अनुदान'' के अंतर्गत आठ विद्वानों और कलाकारों को 2,41,000/- रुपए की राशि मंजूर की गई (परिशिष्ट-10)। ''संगीत, नृत्य *के राष्ट्रीय एवं आंचलिक उत्सव*'' योजना के अधीन 12 संस्थाओं को 2,30,000/- रुपए की राशि भी मंजूर की गई थी (परिशिष्ट-11)।

अकादेमी ने आंशिक रुप से आर्थिक सहायता देकर निम्नलिखित कार्यशालाओं को समर्थन प्रदान किया: (क) जवाहरलाल नेहरू युवा केंद्र, दिल्ली द्वारा आयोजित ''ओडिसी नृत्य को गुरुदेव प्रसाद दास का योगदान'' कार्यशाला; (ख) नटराज रामकृष्ण, हैदराबाद द्वारा आयोजित ''आंध्र की देवालय नृत्य परंपराएं'' कार्यशाला ; और (ग) गांधर्व महाविद्यालय, दिल्ली द्वारा आयोजित एवं गुरु केलूचरण महापात्र द्वारा संचालित कार्यशाला।

बजट तथा लेखा

अकादेमी को अपनी सभी गतिविधियों पर होने वाले व्यय को पूरा करने के लिए भारत सरकार के संस्कृति विभाग से सहायता अनुदान प्राप्त होता है। वित्त वर्ष 1994-95 में योजनेत्तर और योजनागत व्यय के लिए अकादेमी का बजट इस प्रकार था:

	बजट अनुमान 1994-95 (रुपए हजार में)	*संशोधित अनुमान 1994-95 (रुपए हजार में)*
योजनेत्तर	134.00	134.00
योजनागत	290.00	290.00
जोड़	424.00	424.00

वार्षिक लेखाओं का समेकित विवरण, जिसमें प्राप्ति और अदायगी लेखा, आय तथा व्यय लेखा और संगीत नाटक अकादेमी एवं इसकी घटक इकाइयों- जवाहरलाल नेहरू मणिपुर नृत्य अकादेमी, कथक केंद्र और रवींद्र रंगशाला का 1994-95 का तुलन-पत्र सम्मिलित हैं, परिशिष्ट 12 से 18 में दिया गया है।

हिंदी का प्रगामी प्रयोग

अकादेमी में राजभाषा नीति के अनुपालन को सुनिश्चित करने के लिए राजभाषा कार्यान्वयन समिति का गठन किया गया है। अकादेमी में राजभाषा नीति के कार्यान्वयन का कार्य हिंदी सेल द्वारा किया जाता है जिसका गठन 1993 में किया गया था।

भारत सरकार के निर्देशों के अनुसार, विभिन्न उत्सवों और कार्यक्रमों की प्रचार सामग्री का मुद्रण हिंदी और अंग्रेज़ी दोनों भाषाओं में किया गया। अकादेमी की वर्ष 1992-93 और 1993-94 की वार्षिक रिपोर्टों को हिंदी और अंग्रेज़ी में मुद्रित किया गया। जहां कहीं संभव हो, हिंदी में पत्र-व्यवहार करने के लिए क़दम उठाए जा रहे हैं।

स्मृति में

समीक्षाधीन अवधि के दौरान, प्रदर्शनकारी कलाओं से संबंधित जाने-माने व्यक्तियों के निधन पर अकादेमी में शोक व्यक्त किया गया जिनमें पूर्व वर्षों के रत्नसदस्य और पुरस्कृत कलाकार भी सम्मिलित थे।

ध्रुपद गायक, **एन. ज़हीरउद्दीन डागर** का 7 मई, 1994 को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1991 में अकादेमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

प्रख्यात तबला वादक, **सामता प्रसाद महाराज** का 31 मई, 1994 को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1979 में अकादेमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

हिंदुस्तानी गायक, **शरच्चन्द्र अरोलकर** का 3 जून, 1994 को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1979 में अकादेमी पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।

हिंदुस्तानी गायक, **के.जी. गिन्दे** का 13 जुलाई, 1994 को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1990 में अकादेमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

बंगाली-रंगमंच की प्रख्यात अभिनेत्री, **सरजू बाला देवी** का 22 जुलाई, 1994 को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1970 को अकादेमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

प्रख्यात मराठी नाटककार, **एम.जी. राँगणेकर** का 1 फ़रवरी 1995 को निधन हो गया। उन्हें वर्ष 1982 में अकादेमी पुरस्कार प्रदान किया गया था।

तबला वादक और गुरु **निखिल घोष** का 3 मार्च, 1995 को निधन हो गया।

हिंदुस्तानी संगीत के क्षेत्र में शिक्षाविद, **विनय चन्द्र मौदगल्य** का 19 मार्च, 1995 को निधन हो गया।

एन. ज़हीरउद्दीन डागर

सामता प्रसाद

शरच्चन्द्र अरोलकर

के.जी. गिन्दे

एम.जी. राँगणेकर

निखिल घोष

विनय चन्द्र मौदगल्य

कथक केन्द्र: दिल्ली

संगीत नाटक अकादेमी की एक घटक इकाई कथक केंद्र देश की एक अग्रणी नृत्य-शिक्षण संस्था है। वर्ष 1964 में स्थापित इस संस्था में कथक नृत्य और उससे सम्बद्ध विषयों, जैसे हिंदुस्तानी गायन और पखावज के बहुत-से पाठ्यक्रम चलाए जाते हैं। प्रारंभिक पाठ्यक्रम निम्नलिखित हैं: 7-17 आयु वर्ग के छात्रों के लिए नृत्य में अंशकालिक पांच वर्षीय बुनियादी पाठ्यक्रम और 13-22 आयु वर्ग के छात्रों के लिए अंशकालिक तीन वर्षीय डिप्लोमा (पास) पाठ्यक्रम। नृत्य में उच्च पूर्णकालिक पाठ्यक्रम हैं-तीन वर्षीय डिप्लोमा (ऑनर्स) पाठ्यक्रम (16-24 *आयु वर्ग के लिए) और दो वर्षीय पोस्ट*-डिप्लोमा पाठ्यक्रम (19-26 आयु वर्ग के लिए)। हिंदुस्तानी गायन और पखावज वादन में तीन वर्षीय विशेष पाठ्यक्रम भी चलाए जाते हैं। नृत्य शिक्षकों और केन्द्र के उन छात्रों के लिए, जिन्होंने डिप्लोमा (ऑनर्स) या पोस्ट-डिप्लोमा पाठ्यक्रम पूरे कर लिए हैं और कथक शिक्षण कार्य करना चाहते हैं, एक वर्ष तक का पुनश्चर्या पाठ्यक्रम भी चलाया जाता है।

कथक केन्द्र में एक प्रस्तुति एकक भी है जिसका उद्देश्य प्रयोगात्मक कार्य के माध्यम से कथक के रंगपटल और तकनीकों को समृद्ध करना है। केंद्र में जिन विभिन्न विधाओं का प्रशिक्षण दिया जाता है, उनके लिए सुप्रतिष्ठित शिक्षकों की सेवाएं उपलब्ध हैं।

केंद्र का प्रबंध संगीत नाटक अकादेमी के कार्यकारिणी मंडल के हाथ में है, जिसको सलाहकार समिति सहायता प्रदान करती है। सलाहकार समिति का अध्यक्ष संगीत नाटक अकादेमी का उपाध्यक्ष है।

केन्द्र-सेवा संगठन के रूप में

देश में और देश के बाहर प्रदर्शनों और शिक्षण आदि के लिए अन्य संस्थाओं को अपने प्रतिभावान नृत्य-शिक्षक-कलाकारों को भेजना जारी रखकर केंद्र ने एक महत्वपूर्ण सेवा प्रदान की है।

प्रस्तुति एकक

कथक केंद्र का प्रस्तुति एकक कथक नृत्य और संगीत का सुप्रसिद्ध रंगपटल है। बिरजू महाराज की अध्यक्षता में संचालित इस एकक ने कथक नृत्य शैली के रंगपटल के विस्तार में योगदान किया है।

